# सागर में सिमटा सौंदर्य: लक्षद्वीप

लक्षद्वीप की खूबसूरती और आबोहवा हर किसी को आकर्षित करती है। आप एक बार वहां पहुंच जाएं तो बार-बार जाना चाहेंगे, बता रहे हैं अशोक वशिष्ठ

नीले अरब सागर के जल से धोया हुआ, मूंगा व प्रवाल से गढ़ा, झरनों की इन्द्रधनुषी सुंदरता से घिरा लक्षद्वीप सपनीले सौंदर्य का मनमोहक द्वीप समूह है। यहां नारियल के पेड़ों की घनी शीतलदायी छाया समूचे आकाश को ढके हुए नीले जल के दर्पण में अपना सौंदर्य निहारते सैलानियों को रोमांचित कर देती है। नारियल के अतिरिक्त पपीते, केले व अमरूद की कतारें भी मन में अलग ही अहसास पैदा करती हैं।

लक्षद्वीप की सुन्दरता, प्रदूषण मुक्त वातावरण, नीले सागर का सफेद जल, उसमें तैरती असंख्य रंग-बिरंगी मछलियां, मूंगा-मोती का अक्षय भंडार, हजारों-हजार नारियल के गदराये पेड़, सफेद बालुका राशि, शांत और द्वीपवासी शायद ही कहीं देखने को मिलें।

लक्षद्वीप में ये द्वीप हैं-एड्रोट, अमिनी, अगाति, बित्रा, चेलत, कडमात, कलपेनी, कावाराती (मुख्यालय) किल्तन और मिनिकॉय। यहां 95 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है। मिनिकॉय मालदीव में 'महाल' भाषा बोली जाती है। इस द्वीप की महिलाएं और बच्चे ढेर सारे खूबसूरत आभूषणों में बेहद आकर्षक लगते हैं।



लक्षद्वीप में बंगराम के अतिरिक्त चारद्वीप भारतीय यात्रियों के लिए खुले हैं। इन सब द्वीपों में से कावाराती विकसित द्वीप है। इस द्वीप में घनी आबादी है। यहां नारियल के बड़े-बड़े बाग हैं, जो बेहद खूबसूरत लगते हैं। इस द्वीप पर 52 मस्जिदें हैं। इन सब मस्जिदों में से 'उजरा' नामक मस्जिद सबसे सुन्दर है। कावाराती में एक मछलीघर भी बना हुआ है, जिसमें तरह-तरह की मछलियां हैं। कडमात द्वीप में पर्यटकों के लिए झोपडियां बनी हुई हैं, जिनके समीप समान गहराई वाले समुद्री ताल भी हैं। मिनिकॉय द्वीप सबसे बड़ा द्वीप है और सुदूर दक्षिण की ओर स्थित है। यहां बड़ा समुद्र ताल है। इसे 'महिला' द्वीप भी कहा जाता है, क्योंकि यहां का समाज पूर्णत: मातृ-सत्तात्मक है। मिनिकॉय की संस्कृति अन्य द्वीपों की संस्कृति से बहुत भिन्न है, क्योंकि यह ऐसे बड़े समुद्र मार्ग पर स्थित है, जहां से बाहर की दुनिया के लोगों के साथ इसका संपर्क काफी अच्छा है।

कहां ठहरें

कोचीन से इन द्वीपों तक नियमित रूप से चलने वाले पोतों से जाने वाले पर्यटक आमतौर पर उसी पोत पर ठहरते हैं और विदेशी पर्यटक कसीनो होटल ग्रुप द्वारा संचालित बंगरम आइलैंड रिजॉर्ट में रुक सकते हैं। यह सुविधा सिर्फ विदेशी पर्यटकों के लिए उपलब्ध है।

क्या खाएं

यहां हर बीच पर रेस्तरां की भरमार है। यहां फिश खाने के शौकीन सैलानी झींगा मछली का स्वाद ले सकते हैं। यहां का मुख्य भोजन मछली चावल है।

इसके अलावा विदेशी सैलानियों के लिए कुछ देशी-विदेशी पकवान भी बनाए जाते हैं। आप चाहें स्थानीय वेज व्यंजनों का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

मुख्य आकर्षण

इन द्वीपों में पर्यटन का मुख्य आकर्षण है-जलक्रीडम। यहां जलक्रीडम हेतु पर्याप्त क्षेत्र उपलब्ध हैं। यहां पर सकूबा डाइविंग, डी सी, फिशिंग, कैंटामॉरन और सेलबोट जैसे खेल उपलब्ध हैं।

कब जाएं

लक्षद्वीप जाने का सबसे अच्छा मौसम सितम्बर से मार्च माह तक का है। इन दिनों यहां का सुहाना मौसम व प्राकृतिक सौंदर्य की अनुपम छटा सैलानियों के मन-मस्तिष्क में यहां की खूबसूरती भर देती है।

कैसे जाएं

इंडियन एयरलाइंस, जेट एयरवेज, सहारा एयरलाइंस आदि सप्ताह में तीन बार दिल्ली से कोचीन के लिए उड़ान भरती हैं। इसके अलावा हेलीकॉप्टर व पोत द्वारा भी इन द्वीपों में जाया जा सकता है।

# परफेक्ट आईब्रोज

वैल-ग्रूमड आईब्रोज आपके चेहरे पर जादुई भाव छोड़ती हैं। आईब्रोज की सही शेप आपके चेहरे को एक बेहतर फ्रेम प्रदान करती है, जिससे आपके फीचर्स बड़ी ही खमूबसूरती से निखर कर आते हैं। आईब्रोज की लेंथ, शेप और थिकनेस आपके बारे में बहुत कुछ बयां करती है। तो क्यों न आप भी अपनी आईब्रोज को परफेक्ट शेप दें।

कैसे करें

से तो आजकल अच्छे ब्यूटी क्लीनिक्स में आपकी आंखों की शेप के अनुसार कैसी शेप सूट करेगी, इसके बारे में पहले से ही जानकारी दे दी जाती है। लेकिन अगर आप घर पर ही अपनी आईब्रोज खुद बनाना चाहती हैं तो सबसे पहले अपनी आईब्रोज के एक्स्ट्रा बाल प्लक कर लें। अपनी आंख व नाक के कोनों की सिधाई से आईब्रोज की शेप शुरू करें, क्योंकि आईब्रोज यहीं से शुरू होनी चाहिए। इसके बाद आईबॉल के ऑउटर कार्नर पर आर्च रखें और आईब्रोज की लेंथ को आंखों के बाहरी कोने और नाक के कोने तक नापते हुए बनाएं। शेप के अलावा आईब्रोज की बनावट भी चेहरे की सुन्दरता और आकर्षण को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। ऐसे में जिनकी आईब्रोज एक-दूसरे से काफी दूरी पर हैं, आईब्रोज में किसी कारण से कट पड़ गया है, किसी बीमारी के कारण उसके बाल झड़ गए हैं, पतली हैं या फिर उम्र बढ़ने पर बालों के साथ आईब्रोज भी सफेद हो गई हैं तो आप आईब्रो पेंसिल या आईब्रो कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। ये ब्लैक और ब्राउन कलर में मिलती हैं। इसे लगाने से पहले पेंसिल शॉर्प कर लें। इसके बाद अपने आईब्रो के बालों की ग्रोथ के अनुसार कलर लगाएं। एक बात का खास ख्याल रखें कि पेंसिल का कलर आपके बालों के कलर से मैच करता हुआ हो।



स्थाई समाधान

यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। अगर आप अपनी आईब्रोज को स्थाई शेप देना चाहती हैं तो पर्मानेंट आईब्रो बनवा कर इन्हें मनचाहा लुक दे सकती हैं। ये आईब्रोज की सभी समस्याओं का एक बेहतरीन उपाय है। मशीन द्वारा एक बार आईब्रोज को खूबसूरत शेप व मनचाहे रंग से बना दिया जाता है, जो पसीना आने या नहाने से खराब नहीं होतीं और 10 से 12 साल तक टिकती हैं। स्थाई आईब्रोज बनवाने का कोई साइड इफैक्ट भी नहीं होता।

# अब मुझे भी हीरो बन परदे पर रोमांस करना है: मनजोत सिंह

ओए लक्की! लक्की ओए!, उड़ान, फुकरे सीरीज और हाल ही में फिल्म सोन चिड़िया में अपने बेहतरीन अभिनय से जान फूकनें वाले अभिनेता मनजोत सिंह ने कहा कि फिल्मों में अब तक उन्हें सिर्फ हीरो के दोस्त की भूमिका ही ऑफर होती है, लेकिन अब वह फिल्मों में लीड रोल के लिए तैयार हैं। वह भी चाहते हैं कि स्क्रीन पर उन्हें प्यार-मोहब्बत की कसमें-वादें करने का मौका मिले।



अब तक न मुझे रोमांटिक हीरो का रोल मिला, न ही मेरे हिस्से में कोई लड़की आई

मनजोत कहते हैं, जो लोग मुझे अपनी कहानियों-फिल्मों के लिए अप्रोच करते हैं, वह मेरी अब तक की फिल्मों में निभाए गए रोल के बाद बनीं रेप्युटेशन को ध्यान में रखकर करते हैं।

मुझे हीरो के दोस्त के के रोल खूब ऑफर होते हैं। अब तक न मुझे किसी फिल्म में रोमांटिक हीरो की तरह दिखाया गया, न ही मेरे हिस्से में कोई लड़की आई है। हां फिल्म से बाहर एक काम जरूर किया है, जिसमें मेरा रोमांस दिखाया गया है और मैं वहां लीड रोल में हूं। शायद धीरे-धीरे फिल्मों में मुझे भी हीरो वाले लीड रोल मिलने शुरू हो जाएं।

जब भी मेरी उम्र के किसी सरदारजी का रोल लिखा जाता है, तो वह रोल सबसे पहले मेरे पास आता है

मनजोत आगे कहते हैं, मेरे ज्यादा काम न करने की वजह है कि एक तो मैं बहुत चूजी हूं, दूसरा अब जाकर दिल्ली से मुंबई में शिफ्ट हुआ हूं। मुंबई शिफ्ट होने के लिए भी मुझे अपने माता-पिता को खूब मनाना पड़ा। जब फिल्म फुकरे रिटर्न्स हिट हुई तब तमाम दोस्तों ने मुझे मुंबई शिफ्ट होने की सलाह दी, मुझे भी लगा अब सही समय है मुंबई आने का। दिल्ली में अपने घर में था तो पढ़ाई भी कर रहा था और मुझे काम भी खूब मिल रहा था। जब भी किसी फिल्म में मेरी उम्र के किसी सरदारजी का रोल लिखा जाता है, तो वह रोल शायद सबसे पहले मेरे पास आता है।

आलिया, कियारा और परिणीति के साथ रोमांस करने का मौका छोड़ूंगा नहीं

बॉलिवुड में किस हिरोइन के साथ अपनी रोमांटिक जोड़ी जमाना चाहते हैं? इस सवाल पर मुस्कुराते हुए मनजोत बड़ी ही सादगी से कहते हैं,रही बात मेरी अपनी पसंद की तो आलिया भट्ट, कियारा आडवाणी और परिणीति चोपड़ा को मैं खूब पसंद करता हूं, इनमें से किसी के साथ भी रोमांस करने का मौका मिला तो छोड़ूंगा नहीं। वैसे मैं यह अच्छी तरह जानता हूं कि इस समय मैं इस पोजीशन में नहीं हूं कि खुद के लिए मनचाही हिरोइन का चुनाव करूं।